दिन–रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 22 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के फोर्डो सहित तीन परमाणु ठिकानों पर सफल हमले किए गये हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अमरीका ने ईरान के फोर्डो, नतांज और इस्फहान परमाणु ठिकानों पर हवाई हमले किए और सभी विमान ईरान की वायु सीमा से बाहर आ गये। इधर, ईरान ने अपने परमाणु ठिकानों पर अमरीकी सैन्य हमलों की कड़ी निंदा की है और इसे अंतरराष्ट्रीय कानून तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उलंघन बताया है।

———————————————————————————

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए को पहलगाम आतंकी हमले की घटना में एक बड़ी सफलता मिली है। एजेंसी ने हमले में शामिल आतंकियों को शरण देने के आरोप में जम्मू कश्मीर के बटकोट और पहलगाम के हिल पार्क इलाके से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने कहा है कि इन दोनों ने हमले में शामिल तीन हथियार बंद आतंकियों की पहचान उजागर की है। एजेंसी ने बताया है कि सभी आतंकी पाकिस्तानी नागरिक थे और आतंकी गुट लश्कर–ए–तैयबा से संबद्ध थे।

———————————————————————————

सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम स्थित माता सीता के भव्य मंदिर का निर्माण जल्द पूरा किया जायेगा। राज्य सरकार ने इसके लिए प्रयास तेज कर दियें है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सोशल मीडिया पोस्ट में माता सीता की जन्मस्थली पुनौरा धाम मंदिर और इससे जुडे अन्य संरचनाओं के डिजाईन तैयार होने की जानकारी साझा की है। श्री कुमार ने पोस्ट में कहा है कि माँ जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण बिहारवासियों के लिए गौरव और सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए एक ट्रस्ट का गठन कर दिया गया है। गौरलतब है कि पिछले वर्ष नवंबर में

राज्य कैबिनेट ने पुनौरा धाम मंदिर के आस–पास पर्यटकीय विकास और आधारभूत संरचना निर्माण के लिए पचास एकड़ से अधिक भूमि का अधिग्रहण की प्रशासनिक स्वीकृति दी थी।

—————————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य के युवाओं को रोजगार के लिए पलायन की आवश्यकता नहीं होगी। पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में पार्टी के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार स्थानीय स्तर पर रोजगार के साधन ओर अवसर उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में बड़े स्तर पर नियुक्तिया दी गई हैं। श्री चौधरी ने कहा कि आने वाले दिनों में और भी नियुक्तिया निकाली जायेगी।

—————————————————————————————

राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थानों के दो हजार छह सौ चौंतीस रिक्त पदों के लिए नौ जुलाई को उपचुनाव कराया जायेगा। मतगणना ग्यारह जुलाई को होगी। आयोग ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि नामांकन भरने की अंतिम तारीख बीस जून तक दो हजार आठ सौ छियानवे लोगों ने नामांकन किया है। आयोग ने कहा है कि शांतिपूर्ण और भयमुक्त चुनाव के लिए आयोग प्रतिबद्ध है।

—————————————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि जीविका परियोजना से जुड़े स्वयं सहायता समूहों को तीन लाख रूपये से ज्यादा के बैंक ऋण पर अब सिर्फ सात प्रतिशत ब्याज देना होगा। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दी है। अभी ब्याज की यह दर दस प्रतिशत है। श्री कुमार ने महिला संवाद कार्यक्रम की समीक्षा बैठक के दौरान महिला कल्याण से जुड़ी चार अन्य घोषणाएं भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लड़कियों के विवाह कार्यक्रम आयोजन में सुविधा के लिए हर पंचायत में विवाह भवन बनाया जायेगा, जिसका संचालन जीविका दीदी करेंगी। इसके साथ ही जीविका से जुड़े सभी कर्मियों का मानदेय दोगुना करने, प्रखंड स्तर पर सरकारी संस्थानों में दीदी की रसोई का

संचालन और जाति गणना में चिन्हित चौरानवे लाख गरीब परिवारों को एक साथ सहायकता की पूरी राशि दिए जाने की भी घोषणा की गई है।

————————————————————————————

दक्षिण—पश्चिम मानसून के प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान शिवहर, अररिया, पूणियां, किशनगंज, कटिहार समेत कई जिलों में भारी वर्षा दर्ज की गई है। शिव हर में सबसे अधिक एक सौ बत्तीस दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा हुई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, किशनगंज और अररिया जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी वर्षा की आशंका है।

————————————————————————————

समाप्त